विकसित भारत युवा संसद 2026-27 की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

दिनांक 18 नवंबर, 2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना एवं माय भारत, गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत युवा संसद 2026-27 सत्र के अंतर्गत जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष प्रतियोगिता का मुख्य विषय 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत (Nasha Mukt Yuva for Viksit Bharat)' निर्धारित किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, नशामुक्त समाज के निर्माण में उनकी भूमिका सुनिश्चित करना तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदार नागरिकता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन, पुष्पांजलि एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन डॉ. धनंजय पांडेय, कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा प्रस्तुत किया गया।

